सराहनीय कार्य, जनपद –जालौन

दिनांक – 22.03.2024

साइबर थाना जालौन द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि वापस कराकर पीड़ितों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।

आवेदक श्री त्रिवेन्द्र कुमार सिंह की कुल राशि 80,000 हजार रूपये एवं अभय कुमार गुप्ता की कुल 25,001/- रूपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये थे।

साइबर थाना पुलिस टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/बैंको/वालेट आदि से सम्पर्क कर, उपरोक्त आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

अतः आवेदक की ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्राड हुयी धनराशि आवेदकों के खाते में वापस होने पर आवेदकों द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व साइबर थाना पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामदगी का विवरण:-

क्र0 सं0	नाम, पता वादी	फ्राड हुयी धनराशि	वापसी धनराशि
1	श्री त्रिवेन्द्र कुमार सिंह	80,000/- रूपये	80,000/- रूपये
2	श्री अभय कुमार गुप्ता	25,001/- रूपये	25,001/- रूपये

कुल बरामद धनराशि- 1,05,001/- रूपये

बरामद करने वाली टीम –

प्रभारी साइबर थाना मय टीम।